





## एक नजर में

### भारतीय जैन संघटना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला के नेतृत्व में संवाद यात्रा आयोजित



**भीकनगांव।** इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर सार्थक संवाद करना, समाज को सशक्त बनाना तथा नई दिशा प्रदान करना है। इस अवसर पर बीजेएस के राष्ट्रीय पदाधिकारी डॉ. पंकज जी चोपड़ा, रायपुर ङ्क राष्ट्रीय महासचिव श्री दीपक जी चोपड़ा, नासिक ङ्क राष्ट्रीय सचिव (मध्यप्रदेश प्रभारी), श्री अनिल जी रांका, इंदौर ङ्क राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती साशा जी जैन, उज्जैन ङ्क राज्य अध्यक्ष (मध्यप्रदेश), श्री संदीप जी जटाले, इंदौर ङ्क राज्य महासचिव (मध्यप्रदेश) श्रीमती कल्पना विजय सुराना उज्जैन संभागीय अध्यक्ष, श्री धर्मेंद्र जी जैन, अंजड़ङ्क संभागीय अध्यक्ष उपस्थित रहे। पदाधिकारियों की उपस्थिति में भीकनगांव तहसील के अध्यक्ष पद हैतू भीकनगांव के अरविन्द जैन को पंकज चोपडा राष्ट्रीय महासचिव द्वारा चयनित किया गया। साथ ही खरगोन के लिए हरीश जैन खरगोन को नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर खरगोन के नरेन्द्र जैन शैलेष जैन विजय जैन भीकनगांव के अतुल कासलीवाल निर्मल जैन विजय जैन वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष चंद्रकिशोर गोयल आदि लोगों ने बधाई दी।

### अच्छी बारिश को लेकर धार्मिक आयोजन



**बिस्टान नि प्र।** बिस्टान नगर में मंगलवार को अच्छी बारिश की कामना को लेकर पांरपरिक धार्मिक आयोजन हुआ। ग्राम के पटेल बद्री पटेल ने बताया सावन माह में काकड़ पूजन की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। परंपरा अनुसार मंगलवार को किसानों ने खेतों में काम बंद रखा। नगर में बाग, रोटी, का आयोजन हुआ। ग्राम पटेल के परिजन वेदांत पटेल के साथ श्रद्धालुजन झांझ, मंजीरे, बजाते चल समारोह के रूप में महिला, पुरुष, काकड़ पूजन के लिए पहुंचे। वहां पर भजन, कीर्तन, के साथ पूजा की गई। नगरीय क्षेत्र की चारों दिशाओं में स्थित देवी देवताओं की पूजा की गई। पुरुषोत्तम पटेल, बद्री पटेल, जगदीश वाचकरिया, गबु पटेल, यशवंत पाटिल, रेवाराम राठौर, मोतिया सिंधिया, छन्नू गाड़ीवान, रामेश्वर, वाचकरिया, आदि शामिल हुए।

### सुंदर लेखन और चित्रकला से दिखाया संस्कृत का ज्ञान

**खरगोन।** देवभाषा संस्कृत के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से शारदा संस्कृत विद्यालय में तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के तहत चित्रकला और सुंदर लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। संस्था के सचिव पं. जगदीश ठाकर ने बताया कि त्रिदिवसीय महोत्सव के तहत सुंदर लेखन में 100 और चित्रकला में 200 बच्चो ने भाग लिया। शुध्द व सरल लेखन से जहां अपने बौद्धिक ज्ञान का परिचय दिया। आचार्य गणो ने उच्चारण कर सभी प्रतिभागियों को संस्कार व संस्कृति पर निबंध लिखवाया। इस अवसर पर पं. सचिन शर्मा, पं. चिरंजीव जोशी, पं. जयदीप ठक्कर, शम्भू वर्मा, अजय रघुवंशी, संजय कुशवाह आदि उपस्थित थे। महोत्सव का गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा।

### विद्युत पोल से तार काटकर किए थे चोरी, ग्रामीणों की मदद से पकड़ाया चोर, जांच में जुटी पुलिस

**खरगोन।** ग्रामीणों की सतर्कता से विद्युत पोल पर चढ़कर 11 केवी लाईन के करीब 2 लाख रूपए मूल्य के तार काटकर चोरी करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। ग्रामीणों ने कार में विद्युत तार नजर आने पर संदेह के आधार पर वाहन रोका था, जो सही साबित हुआ। ग्रामीणों और विद्युत कर्मचारी ने कार सहित चोरी के तार और चोर को पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए एमपीईबी कर्मचारी अशोक गुर्जर ने बताया कि वह खरगोन विद्या नगर निवासी होकर लोहारी विद्युत वितरण केंद्र पर बतौर लाईनमेन पदस्थ है। गत दिनों रात करीब 9 बजे उन्हें ग्राम जामला के ग्रामीणों ने फोन पर बताया कि एक ईको कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू जे 6834 में भारी मात्रा में विद्युत तार भरे हुए है। इस कार को रोका गया है। ग्रामीणों की सूचना पर जब मौके पर पहुंचा, तो कार में सवार सावेज ने बताया कि यह तार वे गिट्टी खदान के पास नहर के समीप स्थित विद्युत पोल पर चढ़कर कटर से काटने के बाद कार में लेकर जा रहे थे। इस चोरी में उसके साथी भी थे, जो ग्रामीणों के वाहन रोकने पर भाग निकले। गुर्जर के मुताबिक कार में करीब 2 लाख रूपए मूल्य के विद्युत तार चोरी कर परिवहन किए जा रहे थे। कार, विद्युत एवं कार में सवार सावेज को पुलिस के सुपुर्द कर, रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### आसिफ प्रिंस बने जमाअत इस्लाहुल मुस्लेमीन ट्रस्ट के सदर, निर्विरोध हुआ चुनाव



**खरगोन।** मुस्लिम समाज की सामाजिक संस्था जमाअत इस्लाहुल मुस्लेमीन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के चुनाव मंगलवार को जिलानी नगर स्थित निजी स्कुल भवन में आयोजित किए गए। इसमें सदर, सचिव, सह- सचिव निर्विरोध चुने गए, जबकि नायब सदर, खचांजी के पद पर चुनाव से परिणाम सामने आए। चुनाव प्रक्रिया के बतौर कमिश्नर नियुक्त किए गए ट्रस्टियों हाजी अफजल कुरैशी, हाजी मिर्जा हाकिम बेग, जाकिर भुट्टो, अब्दुल्लाह बेग मिर्जा एवं अलीम शेख ने बताया कि 15 दिवसीय इस चुनाव प्रक्रिया के तहत 81 प्रत्याशियों ने उम्मीद्वारी के लिए नामांकन फॉर्म लिए, जिनमें से 48 प्रत्याशियों ने मान्यता प्राप्त फार्म जमा किए। जांच उपरांत 12 मेंबर्स में से 7 मेंबर्स के फार्म स्वीकृत किए गए, जबकि 5 उम्मीद्वार अयोग्य पाए गए। सम्पूर्ण प्रक्रिया के बाद 43 निर्वाचित अराकीन की उपस्थिति में समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से आसिफ

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिले उर्वरक : सचिन यादव

## प्रदेश में खाद की किल्लत को लेकर विधायक सचिन यादव ने पूछा प्रश्न...

- खाद की किल्लत को लेकर साविधानसभा में कांग्रेस विधायकों का विरोध प्रदर्शन
- कृषि मंत्री का उत्तर पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति
- सचिन यादव ने कहा उर्वरक पर्याप्त फिर अन्नदाता सड़कों पर क्यों ?




नवभारत न्यूज

**खरगोन। सोमवार 4 अगस्त को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने प्रदेश भर में खाद की किल्लत को लेकर सवाल उठाया।**

यादव द्वारा पूछे गये सवाल के उत्तर में कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने प्रस्तुत जवाब में कहा कि प्रदेश में मांग के अनुरूप यूरिया एवं उर्वरकों की आपूर्ति की गई है। कही पर भी किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है। विधायक सचिन यादव ने सवाल किया कि जब खाद समुचित मात्रा में उपलब्ध है तो हमारे प्रदेश के अन्नदाता परेशान क्यों हैं मेरे गृहजिले खरगोन मुख्यालय पर विगत एक माह में 4 बार किसानों द्वारा क्यों चक्काजाम किया जा रहा है ? किसान अपने दैनिक खेती किसानी का काम छोड़कर सुबह 5 बजे से लाईन लगकर 2 बोरी खाद के लिए परेशान हो रहा है वह क्या मजाक है ? प्रदेश के किसान खाद की भीषण कमी से जूझ रहे हैं। उन्हें अपने हक के लिए रात-रात भर कतारों में खड़े रहना पड़ रहा है फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि खाद की गंभीर किल्लत को लेकर कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में शुक्रवार को प्रदर्शन कर किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार से मांग की।

### कांग्रेस प्रदेशव्यापी जनआंदोलन करेंगी

श्री यादव ने कहा कि पिछले 22 वर्षों से भाजपा सत्ता में है, बावजूद इसके खाद की वितरण प्रणाली को आज तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है। हर खरीफ और रबी सीजन में यही स्थिति बनती है। किसान भटकता है, मांग करने पर उस पर एफआईआर दर्ज की जाती है, और खाद की कालाबाज़ारी माफिया खुलेआम करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की जमाखोरी और काला बाजारी करने वाले माफियाओं को भाजपा सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। छोटे और सीमांत किसान हताश हैं, जबकि सत्ता में बैठे लोग इन माफियाओं के साथ खड़े हैं। किसानों की पीड़ा पर सरकार ने अब तक कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई है। कांग्रेस विधायकों ने सदन के भीतर और बाहर दोनों जगह सरकार से तत्काल प्रभाव से खाद वितरण की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने, कालाबाजारी रोकने के लिए कठोर कदम उठाने और एफआईआर जैसे अमानवीय कदमों पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि यदि किसानों को राहत नहीं मिली तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी जनआंदोलन करेगी।



### हर घर तिरंगा अभियान - के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**भीकनगांव, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के दिशा निर्देशानुसार जननायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगॉव में हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत ''तिरंगा के लिए स्वयं सेवा'' विषय पर निंबध प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 06.08.2025 को किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मण डावर द्वारा विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा अभियान को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात निबंध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई, जिसमें प्रथम स्थान मंजू चौहान बी.ए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान बुसरा निरबान बी.कॉम प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान गोकूल राठौर बी.ए प्रथम वर्ष का रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. लक्ष्मी भंवर, प्रो. माया वर्मा द्वारा किया गया तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुरेश डोडवे द्वारा माना गया।

# जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

## 69 वी शालेय स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया अनुशासन



नवभारत न्यूज

**खरगोन।** शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से 69 वी शालेय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन अभ्युदय विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया जहां। विनय बाल मन्दिर हायर सेकेंडरी स्कूल के संयोजन में ताइक्कांडो विधा की प्रतियोगिता का आयोजन स्पर्धा संयोजक विनय बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल संचालक उज्वल अत्रे ने किया। डॉ विक्रम परमार कुलसचिव अभ्युदय विश्वविद्यालय, हबीब बैग मिर्जा खेल अधिकारी शिक्षा विभाग, अनिल पांडे, जबरसिंह मंडलोई सेवा निवृत खेल अधिकारी, इब्राहिम मलिक ताइक्कांडो संघ खरगोन अध्यक्ष, सावन प्रजापत सचिव जिला ताइक्कांडो संघ खरगोन इन सभी ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यार्पण कर बतौर अतिथि खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। सचिव सावन प्रजापत ने बताया प्रतियोगिता में 14,17 और 19 वर्ष के आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। जहां निर्णायक चेतना मानूरकर, श्रीमति संगीता चौहान, ऋतु सोलंकी, तेजस्विनी पाठक, रिद्धिमा कौशल, विवेक सिंह, लक्की सिंह आदि थे। स्पर्धा में विनय बाल मंदिर, आदित्य विद्या विहार, बापना पब्लिक स्कूल, प्रियदर्शिनी स्कूल, बाल शिक्षा निकेतन, आदित्य इंटरनेशनल, आदित्य एकेडमी, स्वामी विवेकानंद स्कूल, ज्ञानकुंज इंटर नेशनल स्कूल, संस्कार इंटरनेशनल, आदि स्कूलो के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं विजेता खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में खरगोन जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# नई टेक्नोलॉजी के साथ नई समस्याएं भी जन्म लेती हैं



नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** राष्ट्रीय जैन संगठना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला ने मंडलेश्वर चेप्टर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन 40 वर्षों से सक्रिय होकर जैन समाज में समाज उत्थान और राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है। आपने कहा कि समय के साथ साथ समस्याएं और मुद्दे भी बदल रहे है। हर समस्या का समाधान करना भी किसी एक संगठन के बस में नहीं है। समस्याएं बहुत है इसलिए साथ मिलकर ही किसी समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। नई टेक्नोलॉजी के साथ नई समस्या भी आती है। आज मोबाइल का उपयोग जरूरी हो गया है। मोबाइल कम उम्र के बच्चो को देकर हम उनका भविष्य खराब कर रहे है। आज एक दो साल के बच्चे जब रोते है तो उन्हें मोबाइल से दिया जाता है जो उसकी आदत बन जाता है मोबाइल उसका जीवन बदल देता है उसमें संस्कार नहीं आते है। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चिंता है बेटी घर से गई है तो कब लौटेगी..? सिर्फ चिंता करने से कुछ नहीं हो सकता बेटी में आत्मविश्वास भरना होगा, बेटी के साथी कैसे है वह क्या करती है यह जानना जरूरी है। लेकिन आज हमारे पास बच्चों के लिए समय नहीं है पिता व्यापार में व्यस्त है माता किटी पार्टियों में तो बच्चों को संस्कार अपनत्व प्यार नहीं मिलता है फिर वे वह सब बाहर ढूंढता है। हमारा संगठन नारी सशक्तिकरण के लिए 2 दिन का वर्कशॉप भी आयोजित करता है जिसे स्मार्ट गर्ल प्रोजेक्ट कहा जाता है इसमें हम बालिकाओं के साथ उनके माता पिता को भी प्रशिक्षण देते है। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर स्वामी के चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत जैन समाज संगठना के मंडलेश्वर चैप्टर के जितेन्द्र जैन सचिव नयन जैन उपाध्यक्ष शुभम् जैन द्वारा तिलक लगाकर किया गया। श्रीमती रूपाली जैन एवं सुप्रिया जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। अतिथि परिचय इंदौर सम्भाग अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन ने दिया। विशेष अतिथियों राष्ट्रीय महासचिव डॉ पंकज चोपड़ा रायपुर, राष्ट्रीय सचिव दीपक चोपड़ा नासिक श्रीमती साशा जैन राज्य अध्यक्ष उज्जैन, राज्य महासचिव संदीप जटाले इंदौर, कल्पना सुराणा संभागीय अध्यक्ष उज्जैन एवं मीता जैन रीजनल अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। दिगम्बर जैन समाज नगर अध्यक्ष समीर जैन और श्वेतांबर जैन समाज नगर अध्यक्ष नवीन चंद जैन भी अतिथियों के साथ मंच पर थे। उन्होंने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन जैन पालसूद ने किया आभार सचिव नयन जैन ने माना।



# पारम्परिक वेशभूषा में तीन दिशाओं से मंडलेश्वर पहुंचेंगे आदिवासी, यहां से रैली जाएगी महेश्वर

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त को महेश्वर में भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जयस अध्यक्ष जितेन्द्र बारिया ने बताया कि आदिवासी बंधुओं के दल बागदरा चौराहे पर एकत्रित होगे यहां भकलाय, बागदरा, भूदरी गुलावड की ओर आने वाले दल एकत्रित होकर चोली पहुंचेंगे जहां गुजर मोहना बबलाई की ओर से आने वाले दल शामिल होकर मंडलेश्वर पहुंचेंगे मंडलेश्वर में करही क्षेत्र से आने वाले दल एकत्रित होगे पश्चात यहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रैली निकाली जाएगी यह रैली में पारम्परिक परिधान पहने आदिवासी समुदाय के स्त्री पुरुष युवा बच्चे भी शामिल रहेंगे जो नगर में प्रमुख मार्ग से ढोल मांदल पर नृत्य करते हुए महेश्वर पहुंचेंगे।

जहां कृषि उपज मंडी प्रांगण में आम सभा होगी जिसे जयस प्रदेश अध्यक्ष भोमसिंह गिरवाल संबोधित करेंगे। बुधवार को जयस महेश्वर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र बरिया के साथ भारत आदिवासी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह वर्मा जयस जिला सचिव गोपाल ओसारी मंडलेश्वर के पार्षद जयस सचिव अनिल वर्मा कोषाध्यक्ष अजय भाभर शुभम् भावर आकाश दशाने ने मंडलेश्वर एस डी ओ पी श्वेता शुक्ला और थाना प्रभारी दीपक यादव से मिलकर 09 अगस्त की रैली के रूट स्वरूप आदि के बारे में चर्चा की। पुलिस द्वारा रैली में धारदार हथियार नहीं लाने डी जे नहीं बजाने एवं रैली में अनुशासित होकर चलने के निर्देश दिए।

## एक नजर में

### शिवडोला काउंट डाउन- पांच दिन शेष : गूंजेगा जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, बल्ले .बल्ले भी होगी

# शिवडोला में पंजाब के गतका दल सहित दिल्ली का भांगड़ा व गिद्दा दल देगा प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**खरगोन। अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेवजी भादौ बदी दूजए सोमवार 11 अगस्त को प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण करेंगे। शिवडोला में मप्र पंजाबी साहित्य अकादमी एवं गुरु सिंघ सभा के तत्वावधान में पंजाब का गतका दल सहित दिल्ली का भांगड़ा व गिद्दा दल प्रस्तुतियां देगा। शिवडोला में भोले शंभू भोलेनाथ के जयकारों के बीच जो बोल सो निहाल, सत श्री अकाल एवं बल्ले बल्ले की गूंज सुनाई देगी।**



सार्वजनिक श्रावण मास समारोह समिति श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर भावसार मोहल्ला खरगोन के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया 11 अगस्त को निकलने वाले शिवडोला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शिवडोला समिति के समक्ष झांकी, अखाड़ों, नृत्य दलए सेवा स्टॉल आदि की प्रविष्ठियां निरंतर प्राप्त हो रही हैं।

इसी कड़ी में नगर के विजयलक्ष्मी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर द्वारा शिवडोले में आने वाले श्रद्धालुओं का आकस्मिक रूप से निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रविष्ठी दर्ज कराई है। अस्पताल संचालक परसराम चौहान ने बताया डायवर्शन रोड पर गायत्री मंदिर के पास चिकित्सा सेवा मंच लगाया जाएगा। निःशुल्क चिकित्सा सेवा मंच के माध्यम से रक्तचाप जांच कर प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### खेल भावना को किया प्रेरित

समिति के सचिव एवं पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के क्षेत्रीय समन्वय संयोजक कमलजीतसिंह गांधी ने बताया अकादमी के निदेशक सरदार इंद्रजीतसिंह खनूजा के नेतृत्व में शिवडोला में प्रस्तुतियां दी जाएगी। दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंघजी ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने सिंघों को गतका युद्धकला सिखायी थी। गतका दल सहित पंजाब के पारंपरिक नृत्य गिद्दा एवं भांगड़ा कलाकार, सनावद रोड पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सामने अस्थायी मंच लगाकर प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अविनाश जैसवाल दिल्ली एवं अंतरराष्ट्रीय संत प्रमुख स्वामी डॉ. रामेश्वरानंद हरी पुष्कर (राजस्थान) मुख्य अतिथि रहेंगे। आयोजन में श्री गुरुसिंघ सभा खरगोन का विशेष सहयोग प्राप्त होगा।